# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत और अमरीका ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा– शीघ्र व्यापार समझौता जरूरी, देश के लिए ऊर्जा आपूर्ति के विविधीकरण पर जोर।
2. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सी.बी.एस.ई को त्रुटिरहित पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–मद्रास के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों का दल गठित करने का निर्देश दिया।
3. शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत राज्य पुस्तकालय द्वारा मई तथा जून माह के लिए दो चरणों में "ग्रीष्मकालीन पुस्तक उत्सव–2026" का आयोजन किया जाएगा।
4. कला एवं संस्कृति विभाग और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से जून में एक महीने की रंगमंच कार्यशाला का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर और अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने आज नई दिल्ली में कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारत और अमरीका सामरिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह भागीदारी व्यापार, ऊर्जा, मोबिलिटी और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत और अमरीका के बीच व्यापक वैश्विक सामरिक भागीदारी है जो गहरे सहयोग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों का पूरी दुनिया पर असर पड़ता है और कई क्षेत्रों में उनके हित एक समान हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा चर्चा जटिल वैश्विक परिस्थितियों में हुई है लेकिन उन्हें खुले मन से और सार्थक चर्चा का विश्वास है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को जल्दी अंतिम रूप दिया जाना ज़रूरी है। उन्होंने ऊर्जा व्यापार में हुए विस्तार का स्वागत किया और कहा कि अधिकाधिक स्रोतों से ऊर्जा की आपूर्ति भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ज़रूरी है। डॉक्टर जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों की जनता के परस्पर संबंध महत्वपूर्ण हैं और कानूनी तौर पर आवाजाही में व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई को त्रुटिरहित पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहायता के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.टी मद्रास के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों का एक दल गठित करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय सी.बी.एस.ई के परीक्षा परिणाम सेवा पोर्टल के संबंध में विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंताओं और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि आई.आई.टी मद्रास का विशेषज्ञ दल प्रणाली में तकनीकी सुधार लागू करेगा और विशेष रूप से पोर्टल की स्थिरता और सर्वर के सुचारू संचालन की जांच करेगा। यह दल समग्र आईटी अवसंरचना की मजबूती, लॉगिन प्रमाणीकरण, उपयोगकर्ता पहुंच प्रणाली, भुगतान गेटवे की सटीकता और सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने में सहायता करेगी।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत राज्य पुस्तकालय द्वारा छब्बीस से तीस मई तथा नौ जून से बारह जून तक दो चरणों में "ग्रीष्मकालीन पुस्तक उत्सव–2026" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन विशेष रूप से छ से अटठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, अर्थात कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में पठन–पाठन की आदत विकसित करना, कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करना तथा साहित्यिक एवं रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। ग्रीष्मकालीन पुस्तक उत्सव में कहानी वाचन, चित्रकला, पुस्तक खोज प्रतियोगिता, वर्तनी प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा कविता प्रतियोगिता जैसी अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम बच्चों को रचनात्मकता विकसित करने, संप्रेषण कौशल सुधारने तथा मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। इच्छुक प्रतिभागी राज्य पुस्तकालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7501–496–353 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, द्वीपों के युवाओं और आम जनता के बीच थिएटर को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयास के तहत, जून माह में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से एक महीने तक चलने वाली थिएटर कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता को प्रेरित करना, अनुशासन की भावना जगाना और प्रदर्शन कलाओं के प्रति सराहना विकसित करना है, जिससे द्वीपों की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सके। इस संबंध में द्वीपों के निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यशाला में केवल 30 व्यक्तियों को ही शामिल किया जाएगा और चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी सेल्युलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति विभाग, से प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए 'एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें सिलाई और वस्त्र निर्माण, बेंत और बांस हस्तशिल्प, बढ़ईगीरी और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डिगलीपुर केंद्र सिलाई और वस्त्र निर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। लिटिल अंडमान में, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में प्रशिक्षण उपलब्ध होगा, जबकि कार निकोबार में सिलाई और वस्त्र निर्माण, बढ़ईगीरी, जूट और जूट उत्पाद, तथा सामान्य इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार जिनकी आयु पन्द्रह से पैंतालीस वर्ष के बीच हो तथा द्वीप समूह का स्थानीय प्रमाण पत्र धारक हो, वे इसके लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को 1000– रुपये का मासिक वजीफा प्रदान किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। अधिक जानकारी के लिए, आवेदक संबंधित उद्योग संवर्धन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

पुलिस विभाग में विभिन्न ग्रुप 'B' अराजपत्रित और ग्रुप 'C' पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 मई की मध्यरात्रि तक कर दी गई है। पात्रता की शर्तें और अन्य निर्देश, संदर्भ के लिए उपलब्ध पूर्ण भर्ती सूचना में विस्तार से दिए गए हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में सुधार, 28 मई की मध्यरात्रि तक की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार भर्ती प्रकोष्ठ पुलिस मुख्यालय से सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निराश्रित भत्ता और दिव्यांगता भत्ते के उन सभी पेंशन लाभार्थियों से कहा है कि जिन्होंने अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है, वे तीस जून तक संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविकाओं के पास अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर दें। ऐसा न करने पर उनकी वित्तीय सहायता रोकी जा सकती है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में आठ जून से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश राजर्षि भारद्वाज और माननीय न्यायाधीश रितोब्रतो कुमार मित्रा मामलो की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

अतुल स्मृति समिति द्वारा कल क्लब का अस्सीवां स्थापना दिवस तथा कवि काजी नजरुल इस्लाम की एक सौ छब्बीसवीं जयंती मनाई जाएगी। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम छ बजकर तीस मिनट पर श्री विजयपुरम स्थित क्लब परिसर में आयोजित होगा। समिति के महासचिव सुप्रिया मंडल ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><>